# प्रदेश की पहली योग नीति का प्रस्ताव तैयार

## चर्चा में क्यों?

9 नवंबर, 2023 को उत्तराखंड के आयुष सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडेय ने बताया कि प्रदेश की पहली योग नीति का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। जल्द ही सरकार इस नीति को मंज़ूर दे सकती है।

## प्रमुख बिंदु

- इस नीति के तहत प्रदेश में योग, आध्यात्मिक और नेचुरोपैथी सेंटर स्थापित करने के लिये सरकार वित्तीय प्रोत्साहन देगी।
- पर्यटन नीति के अनुसार बी और सी श्रेणी में चयनित पर्वतीय क्षेत्रों में योग और आध्यात्मिक सुविधाओं में निवेश करने पर 50 प्रतिशत सब्सिडी देने का प्रावधान किया जा रहा है। इसके अलावा आयुष नीति के तहत पांच प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी दी जाएगी।
- इस नीति को लागू करने के लिये आयुर्वेद एवं यूनानी विभाग नोडल होगा। निवेश प्रस्ताव को सिंगल विंडो सिस्टम से मंज़ूरी दी जाएगी।
- प्रदेश सरकार उत्तराखंड को अंतर्राष्ट्रीय योग हब बनाने के लिये प्रयासरत है। इसलिये हर साल पर्यटन विभाग की ओर से ऋषिकेश में अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव आयोजित किया जाता है।
- विदित हो कि अभी तक प्रदेश में योग की बुनियादी सुविधाएं विकसित करने के लिये कोई नीति नहीं थी।

//


PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-s-first-yoga-policy-proposal